प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
www.subhartimedia.com लखनऊ, Friday, 23 अगस्त 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित
दोबारा कोच चुने गए शास्त्री का फोकस नंबर चार का बल्लेबाज पेज -11



# वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की अपील की




लखनऊ-प्रभात। मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के लखनऊ चैप्टर के अल्यूमनाइ 'दि इंस्टीट्युसन आफ इंजीनियर्स लखनऊ परिसर में भारी संख्या में उपस्थित होकर पौधों का रोपड़ बड़े उत्साह से किया। तत्पश्चात् 'मोनरोको अल्यूमनाइ एसोसियेशन' लखनऊ चैप्टर की वार्षिक सामान्य बैठक आहूत की गयी। अध्यक्ष डॉ0 भरत राज सिंह ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तथा अप्रैल 2018 से अभी तक आयोजित किये गये कार्यक्रमों एवं एसोसिएशन के परिवार के साथ हुए मेल-मिलाप बैठकों जैसे- दीपावली मिलन, होली मिलन, लखनऊ मैट्रों वर्कशाप, जनरेश्वर पार्क की वीजिट आदि का से उल्ल्लेख किया। महासचिव, पीयूष सहाय द्वारा कार्यक्रमों के बारे में सामान्य बैठक में विस्तार से जानकारी दी गयी। कोषाध्यक्ष इं. वी.सी. राय द्वारा वार्षिक लेखा-जोखा चार्टड एकाउटेन्ट से सत्यापित कराकर प्रस्तुत किया गया जिस पर सभी सदस्यों ने सन्तोष व्यक्त किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं. मनजीत सिंह अरोड़ा द्वारा सदस्यों को जोड़ने तथा इं0 डी.के. भण्डारी द्वारा आजीवन सदस्य बनाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों हेतु उनकी सराहना की गयी।